# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
# हरिद्वार

***Website: psc.uk.gov.in***

**विज्ञापन संख्या : A-3/S-1/DR(L.I.C) /2025**

## उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2025

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन की तिथि | :: | 30 दिसम्बर, 2025 |
| ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | | 31 दिसम्बर, 2025 |
| ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | :: | 20 जनवरी, 2026 (रात्रि 11.59.59 बजे तक) |
| परीक्षा शुल्क– Net Banking/Debit Card/ Credit Card द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि | :: | 20 जनवरी, 2026 (रात्रि 11.59.59 बजे तक) |
| ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन/परिवर्तन करने की तिथि | :: | 28 जनवरी, 2026 से 06 फरवरी, 2026 (रात्रि 11.59.59 बजे) तक |

**अति महत्वपूर्ण निर्देश :–**

| | |
|---|---|
| 1. | **उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी अधिसूचना संख्या–168/XXXVI(3)/2023/10(01)/2023 दिनांक 27 अप्रैल, 2023 द्वारा उत्तराखड प्रतियोगी परीक्षाओं (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम–2023 प्रख्यापित किया गया है। किसी भी दुराचरण के लिए अभ्यर्थी के खिलाफ उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षाओं (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम–2023 समय–समय पर यथा संशोधित प्राविधानानुसार कार्यवाही की जाएगी।** |
| 2. | **जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2024 के सापेक्ष जारी विज्ञापन संख्या: A-3/S-1/DR(L.I.C)/2024, 18 अक्टूबर, 2024 के क्रम में ऑनलाइन आवेदन किया गया है, उन्हें इस विज्ञापन के सापेक्ष पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उक्त अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्नगत पदों के सापेक्ष पूर्व में किये गये आवेदन** (कला विषय को छोडकर) **मान्य होंगे।**<br>***उक्त के अतिरिक्त ऐसे अभ्यर्थी जो पूर्व में उक्त विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन कर चुके है, परन्तु नवीन विज्ञापन के सापेक्ष पुनः आवेदन करना चाहते है; वे अपना पूर्व में किया गया ऑनलाइन आवेदन निरस्त (Cancel) कर नवीन आवेदन कर सकते है, किन्तु इस दशा में जमा किया गया शुल्क वापस नहीं होगा अर्थात् अभ्यर्थी को नवीन ऑनलाइन आवेदन पत्र के सापेक्ष पुनः आवेदन शुल्क जमा करना होगा। ऐसे अभ्यर्थियों हेतु आयु गणना की निश्चायक तिथि 01 जुलाई, 2025 एवं अन्य अर्हताओं की निश्चायक तिथि आवेदन की अंतिम तिथि रहेगी।*** |
| 3. | शासन के पत्र संख्याः–276311/XXIV-B-1/2025–17(02)/2008, दिनांक 18 फरवरी, 2025 के क्रम में आयोग कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या : 302/81/06/डी0आर0/(मा0शि0)/सेवा–1/2023–24, दिनांक 06 मार्च, 2025 द्वारा विज्ञापन संख्याः : A-3/S-1/DR(L.I.C)/2024, दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 के माध्यम से उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2024 के अंतर्गत विज्ञापित पदों में सम्मिलित प्रवक्ता–कला (सामान्य शाखा) के 02 पदों को विज्ञापन से हटा दिया गया था।<br>तद्क्रम में विज्ञापन दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 के सापेक्ष प्रवक्ता–कला, सामान्य शाखा हेतु आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों का ऑनलाइन आवेदन निरस्त किया जाता है। |

| | |
|---|---|
| | **वर्तमान में जारी होने वाले विज्ञापन में प्रवक्ता–कला, सामान्य शाखा के अंतर्गत विज्ञापित पदों के सापेक्ष उल्लिखित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता धारित करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन कर सकते है।** |
| 4. | अभ्यर्थी द्वारा ऊर्ध्वाधर एवं क्षैतिज आरक्षण से सम्बन्धित धारित सभी श्रेणी/उप श्रेणी का अंकन ऑनलाइन आवेदन पत्र में करना अनिवार्य है। **आरक्षण का दावा न किये जाने की दशा में अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ कदापि अनुमन्य नहीं होगा।** आरक्षण एवं शैक्षिक अर्हता विषयक प्रमाण पत्र, ऑनलाइन आवदेन पत्र भरने की अन्तिम तिथि तक अभ्यर्थी द्वारा धारित करना आवश्यक है। |
| 5. | **अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वह ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने की अन्तिम तिथि अर्थात् दिनांक 20 जनवरी, 2026 तक विज्ञापन मे वर्णित अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अन्य अर्हताएं अवश्य धारित करते हों।**<br>सन्निरीक्षा मार्गदर्शिका–2022 (यथा संशोधित–2024) के क्रम में अनिवार्य शैक्षिक अर्हता धारित करने की तिथि का निर्धारण केवल अंक–पत्र निर्गत होने की तिथि (Marksheet Issuing Date) से किया जायेगा। अतः अभ्यर्थी ऑनलाइन आवदेन पत्र के शैक्षिक अर्हता (Qualification Detail) के विवरण में, Result Declaration Date के कॉलम में, संबंधित शैक्षिक अर्हता के अंक–पत्र निर्गत होने की तिथि (Marksheet Issuing Date) का अंकन अवश्य करें।<br>**विज्ञापन की शर्तानुसार वांछित अर्हताओं की पुष्टि न होने पर अभ्यर्थी को अनर्ह अभ्यर्थियों की श्रेणी में रखा जायेगा।** |
| 6. | अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व विज्ञापन में वर्णित समस्त निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर लें तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र को सही–सही भरें। अपूर्ण आवेदन पत्र किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे तथा अभ्यर्थी का अभ्यर्थन स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा। **अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करें, बल्कि उससे पूर्व ही अपना ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें।** |
| 7. | **फर्जी प्रमाण पत्रों** (शैक्षिक योग्यता/आयु/आरक्षण आदि सम्बन्धी ) के आधार पर आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों को आयोग की समस्त आगामी परीक्षाओं से अधिकतम 05 वर्षों के लिए प्रतिवारित (DEBAR) कर दिया जायेगा। साथ ही सुसंगत विधि के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध अभियोग भी दर्ज कराया जा सकता है। प्रवेश पत्र पर पृथक से कुछ भी लिखना/लिखा होना भी अनुचित साधन की श्रेणी में आयेगा। |
| 8. | **प्रश्नगत परीक्षा हेतु मात्र ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं Net Banking/Debit Card/Credit Card/UPI के माध्यम से ही आवेदन शुल्क स्वीकार किया जाएगा।** किसी अन्य प्रकार से किया गया आवेदन/परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि तक निर्धारित शुल्क जमा नहीं करता है अथवा निर्धारित शुल्क से कम शुल्क जमा करता है, तो उसका आवेदन पत्र/अभ्यर्थन स्वतः निरस्त समझा जाएगा। |
| 9. | ऑनलाइन आवेदन पत्र स्वीकार किये जाने की निर्धारित अंतिम तिथि/समय के पूर्व तक आवेदन पत्र में त्रुटि होने पर अभ्यर्थी अपना आवेदन रद्द (Cancel) कर प्रश्नगत पद हेतु पुनः आवेदन कर सकता है, किन्तु इस दशा में जमा किया गया शुल्क वापस नहीं होगा अर्थात् अभ्यर्थी को संशोधित/नवीन ऑनलाइन आवेदन पत्र के सापेक्ष पुनः आवेदन शुल्क जमा करना होगा। |
| 10. | **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् ऑनलाइन आवेदन में अभ्यर्थियों द्वारा की गयी प्रविष्टियों में संशोधन/परिवर्तन (Edit/Correction) किये जाने हेतु केवल एक बार पुनः लिंक खोला जायेगा। अभ्यर्थीगण आवेदन पत्र की समस्त प्रविष्टियों को अत्यंत सावधानी पूर्वक भरें, ऑनलाइन आवेदन की प्रविष्टियों के अंतर्गत अभ्यर्थियों के नाम/जन्म तिथि/श्रेणी/उपश्रेणी/लिंग आदि में संशोधन हेतु अंतिम तिथि के उपरांत मात्र एक बार अवसर प्रदान किया जायेगा। विज्ञापन के बिन्दु संख्या–12 (संशोधन/परिवर्तन प्रक्रिया) में उल्लिखित** |

| | |
|---|---|
| | **प्राविधानानुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा संशोधन/परिवर्तन (Edit/Correction) किया जा सकता है।**<br>**अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि उक्त संशोधन/परिवर्तन का अवसर प्रदान करने के उपरान्त किसी भी दशा में अभ्यर्थी द्वारा उनके ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित किसी भी प्रविष्टि/दावे को संशोधित/परिवर्तित करने के अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।** |
| 11. | (i) आवेदन के प्रारम्भिक चरण में ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रिंटआउट प्रति अथवा किसी भी प्रकार का प्रमाण–पत्र आयोग कार्यालय में जमा/प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है। **अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट, भविष्य में आयोग से किये जाने वाले पत्राचार व अन्य आवश्यक साक्ष्य/प्रयोग हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।**<br>(ii) **प्रश्नगत पदों हेतु निर्धारित परीक्षा योजना/पाठ्यक्रम के अनुसार विषयवार लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का आयोजन हरिद्वार तथा हल्द्वानी नगर में स्थित परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा, किन्तु अभ्यर्थियों की संख्या कम होने पर परीक्षा का आयोजन केवल हरिद्वार नगर में किया जायेगा।**<br>उक्त हेतु अभ्यर्थियों को आवंटित परीक्षा केन्द्र व परीक्षा तिथि की सूचना यथासमय आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** तथा दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से प्रदान की जायेगी।<br>(iii) विषयवार लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) में सफल घोषित अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा मांगे जाने पर ऑनलाइन आवेदन–पत्र में किये गये दावों की पुष्टि हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र के स्वहस्ताक्षरित प्रिंटआउट के साथ अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, अधिमानी अर्हता, आरक्षण आदि से संबंधित समस्त प्रमाण–पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति आयोग कार्यालय में निर्धारित तिथि को प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त माना जायेगा।<br>(iv) विषयवार लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) में अर्ह अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन–पत्र में किये गये दावों से संबंधित अभिलेखों यथा–शैक्षणिक, आरक्षण आदि का आयोग द्वारा सत्यापन, **उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग सन्निरीक्षा मार्गदर्शिका–2022 (यथा संशोधित) के भाग–नौ** में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। **ऑनलाइन आवेदन–पत्र में किये गये दावों की पुष्टि हेतु नियत तिथि पर वांछित अभिलेख उपलब्ध न कराने पर अभ्यर्थी को प्रश्नगत परीक्षा हेतु अनर्ह घोषित कर दिया जायेगा।** उपरोक्त की सूचना एवं परीक्षा के विभिन्न चरणों की जानकारी दैनिक समाचार पत्रों एवं आयोग की वेबसाइट के माध्यम से पृथक से प्रदान की जायेगी।<br>(v) विज्ञापन में उल्लिखित शर्तानुसार यदि ऑनलाइन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थी के दावे तथा प्रमाण–पत्रों में भिन्नता अथवा कमी पायी जाती है, तो अभ्यर्थी को प्रश्नगत पद हेतु अनर्ह घोषित कर दिया जाएगा।<br>(vi) अभ्यर्थियों को महत्वपूर्ण सूचनायें ई–मेल या एस0एम0एस0 के माध्यम से प्रेषित की जायेगी। इसलिए अभ्यर्थी स्वयं का मोबाईल नम्बर व ई–मेल आई0 डी0 ही आवेदन पत्र में भरें। |
| 12. | प्रश्नगत पदों पर चयन हेतु निर्धारित परीक्षा योजना, विषयवार लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) के पाठ्यक्रम के लिए **परिशिष्ट–01,** आरक्षण सम्बन्धी दावों के लिए निर्धारित प्रारूप हेतु **परिशिष्ट–02,** न्यूनतम अर्हक अंक हेतु **परिशिष्ट–03,** 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता धारित दिव्यांग अभ्यर्थियों को श्रुतलेखक अन्य सुविधा प्रदान किये जाने संबंधी मार्गदर्शिका सिद्धान्त हेतु **परिशिष्ट–04,** 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता धारित दिव्यांग अभ्यर्थियों को श्रुतलेखक अन्य सुविधा प्रदान किये जाने संबंधी मार्गदर्शिका सिद्धान्त हेतु **परिशिष्ट–05** तथा चैकलिस्ट हेतु **परिशिष्ट–06** का अवलोकन करें। |
| 13. | विषयवार लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) हेतु न्यूनतम् अर्हक अंकों के प्रतिशत का उल्लेख विज्ञापन के **परिशिष्ट–03** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को विषयवार लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) में उनकी आरक्षण श्रेणी/उप–श्रेणी के अनुसार न्यूनतम् अर्हकारी अंक प्राप्त करने पर ही मेरिट **(MERIT)** के आधार पर प्रवीणता–सूची हेतु विचारित किया जायेगा। |

| | |
|---|---|
| 14. | प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष परीक्षा के विभिन्न चरणों हेतु अभ्यर्थियों को केवल ऑनलाइन प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी किये जायेंगें। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन के रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्मतिथि के आधार पर प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। इस संबंध में अभ्यर्थियों के सूचनार्थ विज्ञप्ति राज्य के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों एवं आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर प्रसारित की जायेगी। |
| 15. | **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये ई0डब्ल्यू0एस0 प्रमाण पत्र, आवेदन की अंतिम तिथि तक वैध होना चाहिए।** |
| 16. | **शासनादेश संख्याः 232/XXX(2)/2018-30(05)/2014, दिनांक 26 सितम्बर, 2018** के अनुक्रम में निःशक्तता से ग्रस्त दिव्यांगजन अभ्यर्थी भी अनारक्षित पद के सापेक्ष आवेदन कर सकते हैं, भले ही उनके लिए कोई रिक्ति आरक्षित हो या न हो तथा उक्त पद संगत श्रेणी की दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए चिन्हित किया गया हो। |
| 17. | प्रश्नगत पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः औपबन्धिक होगा। अभ्यर्थी को मात्र प्रवेश–पत्र जारी किए जाने का यह अर्थ नहीं होगा कि उसका अभ्यर्थन आयोग द्वारा अन्तिम रूप से सुनिश्चित कर दिया गया है। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था अथवा प्रारम्भिक स्तर पर ही उसका आवेदन अस्वीकार किया जाना चाहिए था, तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा और यदि आयोग द्वारा अन्तिम रूप से चयन के उपरान्त अभ्यर्थी की संस्तुति प्रेषित की जा चुकी हो, तो उक्त स्थिति में भी आयोग द्वारा संस्तुति वापस ले ली जाएगी। |
| 18. | **(a)** अभ्यर्थी एक से अधिक शाखा तथा विषयों हेतु आवेदन कर सकता है, **जिसके लिए अभ्यर्थी को एक ही ऑनलाइन आवेदन करना है। पुरुष अभ्यर्थी केवल सामान्य शाखा तथा महिला अभ्यर्थी दोनों शाखाओं (महिला एवं सामान्य शाखा) हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।** ऑनलाइन आवेदन पत्र में ही **शाखा** तथा **सम्बन्धित विषयों** का उल्लेख किया जाना होगा। **एक से अधिक विषयों हेतु आवेदन करने की दशा में प्रत्येक विषय हेतु निर्धारित शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क पृथक–पृथक जमा करना होगा।**<br>**उदाहरण** –यदि एक सामान्य श्रेणी की महिला अभ्यर्थी प्रवक्ता हिन्दी (शुल्क रू0 150.00) तथा प्रवक्ता अंग्रेजी (शुल्क रू0 150.00) दोनों विषयों हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हता धारित करती है और वह **दोनों शाखाओं (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) के उक्त विषयों हेतु आवेदन करती है** तो उसे **दोनों शाखाओं {सामान्य शाखा (प्रवक्ता हिन्दी + प्रवक्ता अंग्रेजी) एवं महिला शाखा (प्रवक्ता हिन्दी + प्रवक्ता अंग्रेजी)} हेतु प्रोसेसिंग शुल्क के अतिरिक्त** निर्धारित शुल्क पृथक–पृथक {सामान्य शाखा(रू0 150.00 + रू0 150.00= रू0 300.00) + महिला शाखा (रू0 150.00+ रू0 150.00= रू0 300.00)} अर्थात् कुल रू0 600.00 के साथ ही निर्धारित प्रोसेसिंग शुल्क भी जमा करना होगा।<br>**(b) विषयवार लिखित (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा में एक से अधिक विषयों के सापेक्ष सफल घोषित अभ्यर्थियों द्वारा उक्त पदों हेतु अभिलेख सत्यापन से पूर्व ऑनलाइन वरीयता (Online Preference) भरी जानी अनिवार्य होगी।** वरीयता प्रपत्र (Preference Sheet) की प्रिंटआउट प्रति अन्य शैक्षिक अभिलेखों के साथ आयोग कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर विहित समय सीमा के अन्दर आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पदों की ऑनलाइन वरीयता (Online Preference) भरने के पश्चात् इसमें किसी प्रकार का संशोधन संबंधी अनुरोध किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। |
| 19. | प्रश्नगत परीक्षा में विषयवार उपलब्ध पदों के सापेक्ष अंतिम चयन प्रवीणता सूची, शैक्षिक अर्हता, आयु, सेवा नियमावली में उल्लिखित संगत प्राविधान, श्रेणी–उपश्रेणीवार पदों की उपलब्धता तथा अभ्यर्थी द्वारा दी गयी ऑनलाइन वरीयता के आधार पर किया जायेगा। **अभ्यर्थियों के एक से अधिक विषयों के सापेक्ष सफल पाये जाने की दशा में यथासमय ऑनलाइन प्रपत्र में दी गयी वरीयतानुसार उनका चयन एक ही पद के सापेक्ष किया जायेगा, अर्थात् किसी अभ्यर्थी के एक पद पर चयन होने के पश्चात् अन्य पदों हेतु उस अभ्यर्थी के चयन पर विचार नहीं किया जायेगा।** |
| 20. | अभ्यर्थी किसी भी दशा में एक से अधिक आवेदन–पत्र कदापि न भरें, अन्यथा इस प्रकार किये गये समस्त आवेदन–पत्र निरस्त कर दिए जायेंगे। |

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा उत्तराखण्ड शासन के माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2025 हेतु ऑनलाइन आवेदन–पत्र (Online Application) आमंत्रित किये जाते हैं।

**02. रिक्तियों का विवरण :–** उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग) सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) पद हेतु रिक्तियों की कुल संख्या **808 (सामान्य शाखा में 725 पद एवं महिला शाखा में 83 पद)** है। **रिक्तियों की संख्या घटायी एवं बढ़ायी जा सकती है।** रिक्तियों का शाखावार (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) विवरण निम्नवत हैः–

## (क) प्रवक्ता (सामान्य शाखा) विषयवार कुल 725 पद

| क्रम सं0 | विषय | रिक्तियों की संख्या | अनु0जाति | अनु0 जनजाति | अ0पि0वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | अनारक्षित | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | हिन्दी | 78 | 16 | 3 | 10 | 6 | 40 | 3 |
| 02. | अंग्रेजी | 54 | 11 | 3 | 7 | 5 | 26 | 2 |
| 03. | संस्कृत | 62 | 11 | 2 | 9 | 6 | 32 | 2 |
| 04. | भौतिक शास्त्र | 73 | 14 | 3 | 9 | 7 | 38 | 2 |
| 05. | रसायन शास्त्र | 51 | 9 | 0 | 7 | 5 | 28 | 2 |
| 06. | गणित | 43 | 6 | 2 | 8 | 3 | 23 | 1 |
| 07. | जीव विज्ञान | 67 | 11 | 3 | 8 | 5 | 38 | 2 |
| 08. | नागरिक शास्त्र | 111 | 20 | 5 | 12 | 11 | 59 | 4 |
| 09. | अर्थशास्त्र | 72 | 13 | 4 | 10 | 7 | 36 | 2 |
| 10. | इतिहास | 42 | 6 | 0 | 4 | 4 | 27 | 1 |
| 11. | भूगोल | 53 | 9 | 3 | 8 | 5 | 26 | 2 |
| 12. | समाजशास्त्र | 13 | 1 | 0 | 2 | 1 | 9 | 0 |
| 13. | कला | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 |
| 14. | वाणिज्य | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 |
| 15. | कृषि शास्त्र | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 |
| | योग | **725** | **127** | **28** | **94** | **65** | **388** | **23** |

## विषयवार क्षैतिज आरक्षण का विवरण
## प्रवक्ता –सामान्य शाखा, पदों की संख्या–725

| क्र0 सं0 | विषय | रिक्तियों की संख्या | अनु0जाति | | | | | | | अनु0जन0जाति | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल विज्ञापित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | स्व.सं.सेनानी आश्रित 2% | भू0 पू0 सैनिक 5% | कुल विज्ञापित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | स्व.सं.सेनानी आश्रित 2% | भू0 पू0 सैनिक 5% |
| 1 | हिन्दी | 78 | 16 | 4 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | अंग्रेजी | 54 | 11 | 3 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | संस्कृत | 62 | 11 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | भौतिक शास्त्र | 73 | 14 | 4 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | रसायन शास्त्र | 51 | 9 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | गणित | 43 | 6 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | जीव विज्ञान | 67 | 11 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | नागरिक शास्त्र | 111 | 20 | 6 | 1 | 1 | 2 | 0 | 1 | 5 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 9 | अर्थशास्त्र | 72 | 13 | 4 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | इतिहास | 42 | 6 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | भूगोल | 53 | 9 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | समाजशास्त्र | 13 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | कला | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | वाणिज्य | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | कृषि शास्त्र | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | योग | 725 | 127 | 37 | 7 | 5 | 12 | 0 | 7 | 28 | 10 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |

| क्र0 सं0 | विषय | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | | | | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल विज्ञापित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | स्व.सं.सेनानी आश्रित 2% | भू0 पू0 सैनिक 5% | कुल विज्ञापित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | स्व.सं.सेनानी आश्रित 2% | भू0 पू0 सैनिक 5% |
| 1 | हिन्दी | 10 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 2 | अंग्रेजी | 7 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | संस्कृत | 9 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 4 | भौतिक शास्त्र | 9 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 7 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 5 | रसायन शास्त्र | 7 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 5 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 6 | गणित | 8 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | जीव विज्ञान | 8 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 5 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 8 | नागरिक शास्त्र | 12 | 4 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 11 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 9 | अर्थशास्त्र | 10 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 7 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 10 | इतिहास | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | भूगोल | 8 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 5 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 12 | समाजशास्त्र | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | कला | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | वाणिज्य | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | कृषि शास्त्र | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | योग | 94 | 28 | 2 | 0 | 10 | 0 | 2 | 65 | 19 | 1 | 0 | 8 | 0 | 1 |

| क्र0 सं0 | विषय | सामान्य जाति/ अनारक्षित | | | | | | | दिव्यांग अग्रेनीत एवं नवीन अवधारित पद | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल विज्ञापित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | स्व.सं.सेनानी आश्रित 2% | भू0 पू0 सैनिक 5% | विषयवार 4 % | पूर्व अग्रेनीत एवं नवीन पदों का विवरण |
| 1 | हिन्दी | 40 | 12 | 2 | 2 | 4 | 1 | 2 | 3 | दिव्यांगजन श्रेणी के अन्तर्गत नवीन अवधारित कुल 23 पदों का दिव्यांगता की श्रेणीवार विवरण प्रपत्र–3(1) एवं शासन के पत्र दिनांक 19 दिसम्बर, 2025 के क्रम में प्रवक्ता भर्ती परीक्षा–2020 में विभिन्न विषयों (सामान्य शाखा) में अग्रेनीत कुल 43 पदों का दिव्यांगता की श्रेणीवार विवरण प्रपत्र–3(2) पर अंकित है। |
| 2 | अंग्रेजी | 26 | 8 | 1 | 1 | 3 | 1 | 1 | 2 | |
| 3 | संस्कृत | 32 | 10 | 2 | 1 | 3 | 1 | 2 | 2 | |
| 4 | भौतिक शास्त्र | 38 | 11 | 2 | 2 | 4 | 1 | 2 | 2 | |
| 5 | रसायन शास्त्र | 28 | 8 | 1 | 1 | 3 | 1 | 1 | 2 | |
| 6 | गणित | 23 | 7 | 1 | 1 | 2 | 0 | 1 | 1 | |
| 7 | जीव विज्ञान | 38 | 11 | 2 | 2 | 4 | 1 | 2 | 2 | |
| 8 | नागरिक शास्त्र | 59 | 18 | 3 | 2 | 6 | 1 | 3 | 4 | |
| 9 | अर्थशास्त्र | 36 | 11 | 2 | 1 | 4 | 1 | 2 | 2 | |
| 10 | इतिहास | 27 | 8 | 1 | 1 | 3 | 1 | 1 | 1 | |
| 11 | भूगोल | 26 | 8 | 1 | 1 | 3 | 1 | 1 | 2 | |
| 12 | समाजशास्त्र | 9 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | |
| 13 | कला | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 14 | वाणिज्य | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 15 | कृषि शास्त्र | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | योग | 388 | 115 | 18 | 15 | 40 | 10 | 18 | 23 | |

# प्रपत्र–3 (1)
## प्रवक्ता – सामान्य शाखा
## दिव्यांगजन के नवीन अवधारित 23 पदों का विवरण

| क0 सं0 | विषय | रिक्तियों की संख्या | विषयवार दिव्यांगता की उपश्रेणी का चिन्हांकन | नवीन अवधारित 23 पद<br>समाज कल्याण के शा0सं0–48 दि0 5 जून 23 एवं शा0सं0–03 दि0 6–2–24 के अनुसार श्रेणीवार विभाजन | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (क) B/ LV/ PB | (ख) HH / PD | (ग) OA / OL | (घ) पद चिन्हित नहीं | (ड़) MD | महायोग |
| 01. | हिन्दी | 78 | OA, OL, LC, DW, AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 |
| 02. | अंग्रेजी | 54 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 |
| 03. | संस्कृत | 62 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 |
| 04. | भौतिक शास्त्र | 73 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 05. | रसायन शास्त्र | 51 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 |
| 06. | गणित | 43 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 07. | जीवविज्ञान | 67 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 08. | नागरिक शास्त्र | 111 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 4 |
| 09. | अर्थशास्त्र | 72 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, , OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 |
| 10. | इतिहास | 42 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 11. | भूगोल | 53 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 12. | समाजशास्त्र | 13 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13. | कला | 2 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14. | वाणिज्य | 2 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15. | कृषि शास्त्र | 2 | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| कुल पद | | | | 12 | 3 | 6 | 0 | 2 | 23 |

नोटः– उक्त दिव्यांगजन उपश्रेणी के अभ्यर्थी, उनके द्वारा धारित अर्हता के आधार पर अनारक्षित पदों के सापेक्ष खुली प्रतियोगिता के माध्यम से चयन हेतु आवेदन कर सकते हैं। तद्क्रम में उक्त के अतिरिक्त दिव्यांगजन की अन्य उप श्रेणियों से संबंधित अभ्यर्थियों के आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें।

# प्रपत्र–3 (2)

## प्रवक्ता – सामान्य शाखा

## प्रवक्ता भर्ती परीक्षा–2020 में दिव्यांगजन के अग्रेनीत 43 पदों का विवरण

| क0 सं0 | विषय | विषयवार दिव्यांगता की उपश्रेणी का चिन्हांकन | उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग) सेवा (सामान्य शाखा) परीक्षा–2020 के अंतिम चयन परिणाम में दिव्यांगजन के अग्रेनीत कुल 43 पद | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (क) B/ LV/ PB | (ख) HH / PD | (ग) OA / OL | (द्य) पद चिन्हित नहीं | (ड़) MD | महायोग |
| 01. | हिन्दी | OA, OL, LC, DW, AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 02. | अंग्रेजी | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 3 | 0 | 0 | 0 | 2 | 5 |
| 03. | संस्कृत | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 04. | भौतिक शास्त्र | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 1 | 2 | 0 | 4 | 7 |
| 05. | रसायन शास्त्र | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 1 | 1 | 0 | 4 | 6 |
| 06. | गणित | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 1 | 2 | 0 | 3 | 6 |
| 07. | जीवविज्ञान | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 1 | 2 | 0 | 3 | 6 |
| 08. | नागरिक शास्त्र | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 3 | 0 | 0 | 0 | 2 | 5 |
| 09. | अर्थशास्त्र | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, , OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 10. | इतिहास | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 11. | भूगोल | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 12. | समाजशास्त्र | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 13. | कला | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14. | वाणिज्य | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15. | कृषि शास्त्र | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | योग | 9 | 5 | 7 | 0 | 22 | 43 |

नोटः– 1. उक्त दिव्यांगजन उपश्रेणी के अभ्यर्थी, उनके द्वारा धारित अर्हता के आधार पर अनारक्षित पदों के सापेक्ष खुली प्रतियोगिता के माध्यम से चयन हेतु आवेदन कर सकते हैं। तद्क्रम में उक्त के अतिरिक्त दिव्यांगजन की अन्य उप श्रेणियों से संबंधित अभ्यर्थियों के आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें।

2. उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्याः–217617/XXIV-B-1/2024–17(02)/2008, दिनांक 12 जून, 2024 के क्रम में दिव्यांगजन के अग्रेनीत किये गये पदों पर उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं तो रिक्तियों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम की धारा–34 में उल्लिखित खण्ड क, ख, ग, घ, एवं ड़ में से चिह्नांकित श्रेणी के क्रमानुसार एवं समाज कल्याण विभाग के शासनादेश दिनांक 05.06.2023 में प्रवक्ता के पदों हेतु, चिह्नित दिव्यांगताएं जिस क्रम में अंकित हैं, उस क्रम में भरा जायेगा।

## (ख) प्रवक्ता (महिला शाखा) के विषयवार कुल 83 पद

| क्रम सं0 | विषय | रिक्तियों की संख्या | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अ0पि0वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | अनारक्षित | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **01.** | हिन्दी | 10 | 2 | 0 | 1 | 0 | 7 | 0 |
| **02.** | अंग्रेजी | 14 | 1 | 0 | 0 | 1 | 12 | 0 |
| **03.** | संस्कृत | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| **04.** | भौतिक शास्त्र | 7 | 0 | 0 | 1 | 0 | 6 | 0 |
| **05.** | रसायन शास्त्र | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 |
| **06.** | गणित | 6 | 0 | 0 | 1 | 0 | 5 | 0 |
| **07.** | जीव विज्ञान | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 |
| **08.** | नागरिक शास्त्र | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 0 |
| **09.** | अर्थशास्त्र | 12 | 0 | 0 | 1 | 1 | 10 | 0 |
| **10.** | इतिहास | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 |
| **11.** | भूगोल | 9 | 1 | 0 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| **12.** | गृह विज्ञान | 8 | 1 | 0 | 0 | 0 | 7 | 0 |
| | योग | **83** | **05** | **0** | **05** | **02** | **71** | **0** |

विषयवार क्षैतिज आरक्षण का विवरण
प्रवक्ता–महिला शाखा, पदों की संख्या–83

| | | | अनु0जाति | | | | | | | अनु0जन0जाति | | | | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | | | | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | | | | | | | सामान्य जाति/ अनारक्षित | | | | | | | दिव्यांग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | अग्रेनीत एवं नवीन अवधारित पद | |
| क्र0 सं0 | विषय | कुल रिक्तियों की संख्या | कुल विज्ञापित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | स्व.सं.सेनानी आश्रित 2% | भू0 पू0 सैनिक 5% | कुल विज्ञापित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | स्व.सं.सेनानी आश्रित 2% | भू0 पू0 सैनिक 5% | कुल विज्ञापित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | स्व.सं.सेनानी आश्रित 2% | भू0 पू0 सैनिक 5% | कुल विज्ञापित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | स्व.सं.सेनानी आश्रित 2% | भू0 पू0 सैनिक 5% | कुल विज्ञापित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | स्व.सं.सेनानी आश्रित 2% | भू0 पू0 सैनिक 5% | विषयवार 4 % | पूर्व अग्रेनीत एवं नवीन पदों का विवरण |
| 1 | हिन्दी | 10 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | शासन के पत्र दिनांक दिनांक 19 दिसम्बर, 2025 के क्रम में प्रवक्ता भर्ती परीक्षा–2020 में विभिन्न विषयों (महिला शाखा) में दिव्यांगजन श्रेणी के अन्तर्गत कुल 05 अग्रेनीत पदों का दिव्यांगता की श्रेणीवार उल्लेख प्रपत्र–3(3) पर अंकित है। |
| 2 | अंग्रेजी | 14 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | |
| 3 | संस्कृत | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 4 | भौतिक शास्त्र | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 5 | रसायन शास्त्र | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 6 | गणित | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 7 | जीव विज्ञान | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 8 | नागरिक शास्त्र | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 9 | अर्थशास्त्र | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | |
| 10 | इतिहास | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 11 | भूगोल | 9 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 12 | गृह विज्ञान | 8 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | योग | 83 | 05 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 05 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 71 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | |

प्रपत्र–3 (3)

## प्रवक्ता – महिला शाखा

## प्रवक्ता भर्ती परीक्षा–2020 में दिव्यांगजन के अग्रेनीत 05 पदों का विवरण

| क0 सं0 | विषय | विषयवार दिव्यांगता की उपश्रेणी का चिन्हांकन | उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग) सेवा (सामान्य शाखा) परीक्षा–2020 के अंतिम चयन परिणाम में दिव्यांगजन के अग्रेनीत 05 पद | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (क) B/ LV/ PB | (ख) HH / PD | (ग) OA / OL | (घ) पद चिन्हित नहीं | (ड़) MD | महायोग |
| 01. | हिन्दी | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 02. | अंग्रेजी | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 03. | संस्कृत | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 04. | भौतिक शास्त्र | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 05. | रसायन शास्त्र | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 06. | गणित | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 07. | जीवविज्ञान | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 08. | नागरिक शास्त्र | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 09. | अर्थशास्त्र | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, , OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10. | इतिहास | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11. | भूगोल | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12. | गृह विज्ञान | OA, OL, LC, DW, .AAV/AV, B, LV/PB BL, HH/PD, OAL, CP, MDY, TH, HP, BH | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | योग | 1 | 0 | 2 | 0 | 2 | 5 |

नोटः— 1. उक्त दिव्यांगजन उपश्रेणी के अभ्यर्थी, उनके द्वारा धारित अर्हता के आधार पर अनारक्षित पदों के सापेक्ष खुली प्रतियोगिता के माध्यम से चयन हेतु आवेदन कर सकते हैं। तद्क्रम में उक्त के अतिरिक्त दिव्यांगजन की अन्य उप श्रेणियों से संबंधित अभ्यर्थियों के आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें।

2. उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्याः—217617 / XXIV-B-1 / 2024—17(02) / 2008, दिनांक 12 जून, 2024 के क्रम में दिव्यांगजन के अग्रेनीत किये गये पदों पर उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं तो रिक्तियों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम की धारा—34 में उल्लिखित खण्ड क, ख, ग, घ, एवं ड़ में से चिह्नांकित श्रेणी के क्रमानुसार एवं समाज कल्याण विभाग के शासनादेश दिनांक 05.06.2023 में प्रवक्ता के पदों हेतु, चिह्नित दिव्यांगताएं जिस क्रम में अंकित हैं, उस क्रम में भरा जायेगा।

## 02. (1) पदनाम– प्रवक्ता

| | | |
|---|---|---|
| (i) | पदनाम | प्रवक्ता |
| (ii) | विभाग | माध्यमिक शिक्षा विभाग |
| (iii) | पदों की संख्या | 808 (725 पद सामान्य शाखा + 83 पद महिला शाखा) |
| (iv) | वेतनमान | 47,600–1,51,100, लेवल–8 |
| (v) | पद का स्वरूप | अराजपत्रित, अस्थायी/स्थायी (अविरल)/अंशदायी पेंशन योजना। |
| (vi) | आयु सीमा | न्यूनतम आयु सीमा–21 वर्ष, अधिकतम आयु सीमा–42 वर्ष। |

**02. (2) पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक एवं अधिमानी अर्हताएं–** प्रवक्ता पद हेतु सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी द्वारा निम्नलिखित अर्हताएं धारित किया जाना अनिवार्य है:–

| क्र0सं0 | पद का नाम | अनिवार्य शैक्षिक अर्हता | अधिमानी अर्हताएं |
|---|---|---|---|
| 01. | प्रवक्ता समाजशास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र, इतिहास, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, गणित, अंग्रेजी। | **01.** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विषय में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>**02.** राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षाशास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0)। | **अन्य बातों के समान होते हुए भी सीधी भर्ती के मामले में उस अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा, जिसने:–**<br>**(एक) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष सेवा की हो, या**<br>**(दो) नेशनल कैडेट कोर का 'बी' अथवा 'सी' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो, या**<br>**(तीन) एन0एस0एस0 का 'सी' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।** |
| 02. | प्रवक्ता नागरिक शास्त्र | **01.** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>**02.** राजकीय या सरकार से मान्यताप्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षाशास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) | |
| 03. | प्रवक्ता जीव विज्ञान | **01.** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान या जन्तु विज्ञान या एडवांस जन्तु विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>**02.** राजकीय या सरकार से मान्यताप्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षाशास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) | |
| 04. | प्रवक्ता हिन्दी | **01.** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>**02.** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से संस्कृत विषय के साथ स्नातक या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शास्त्री की उपाधि।<br>**03.** राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षाशास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0)। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 05. | प्रवक्ता संस्कृत | **01.** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से संस्कृत में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा विधि द्वारा स्थापित किसी संस्कृत विश्वविद्यालय से आचार्य– साहित्य, आचार्य– व्याकरण, आचार्य– फलित ज्योतिष, आचार्य– नव्य व्याकरण, आचार्य वेद, आचार्य– तुलनात्मक दर्शन की उपाधि।<br>**02.** राजकीय या सरकार से मान्यताप्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षाशास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0/शिक्षाशास्त्री)। | |
| 06. | प्रवक्ता कला | **01.** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से रेखांकन और चित्रकला (ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग)/ड्राइंग डिजाईन/प्राविधिक कला/पेंटिंग (फाईन आर्ट)/पेंन्टिग (visual Art) में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>**02.** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से शिक्षाशास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0)। | |
